जन्मदिन पर पौधारोपण

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर निगम की ओर से चलाये जा रहे उपवन उपहार योजना के अन्तर्गत रागिनी श्रीवास्तव द्वारा अपने जन्मदिन पर ककरा काकर कुंड स्थित जैव विविधता पार्क में बरगद के पौधे लगाये गये।

नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा रागिनी श्रीवास्तव के इस कार्य की प्रशंसा की गई। नगर आयुक्त ने नगरवासियों से उपवन उपहार योजना से जुड़ने की अपील की । कहा अपने जन्मदिन एवं खुशी के मौके पर एवं अपनों की याद में उपवन उपहार योजना के तहत जैव विविधता पार्क में पौधे लगाये जाने की व्यवस्था है।